प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
26.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00 बजे

राष्ट्र स्तरीय माँ शूलिनी मेला

सोलन जिला का राष्ट्र स्तरीय माँ शूलिनी मेला आज से शुरू हो रहा है। तीन दिवसीय इस मेले का विधिवत शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर दो बजे कचहरी चौक पर माता की डोली का स्वागत करेंगे तथा शोभा यात्रा में भाग लेंगे।

अधिक ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी———–''70''

शूलिनी मेले की सबसे आकर्षक परंपरा माता शूलिनी की भव्य शोभायात्रा है। इस दौरान माता की पालकी को विशेष रूप से सजाकर नगर भ्रमण कराया जाता है। हजारों श्रद्धालु, स्थानीय देवता, वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि और पारंपरिक नृत्य इस शोभायात्रा को अद्भुत व दिव्य स्वरूप प्रदान करते हैं। पूरा सोलन नगर भक्तिमय वातावरण में रंग जाता है। मेले के पहले दिन, माता शूलिनी की डोली पूरे सोलन शहर की परिक्रमा करती है। इसके बाद वह गंज बाज़ार स्थित दुर्गा माता के मंदिर में जाती हैं, जहां उनकी बहन विराजती हैं। माता शूलिनी पूरे दो दिनों तक अपनी बहन के मंदिर में रुकती हैं। तीसरे दिन की शाम को दोनों बहनों का विदाई प्रसंग होता है और माता शूलिनी वापस अपने मंदिर लौट जाती हैं। यह मेला दो बहनों के प्यार और मिलन का प्रतीक है, जिसे पूरा सोलन शहर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाता है। मेले का समापन मेले का समापन 28 जून को होगा जिसमें राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। प्रादेशिक समाचारों के लिए समाचार कक्ष से मैं, कौशल्या शर्मा

विदेश मंत्रालय – पासपोर्ट

सरकार ने पासपोर्ट आवेदन शुल्क में वृद्धि की है। 36 पृष्ठों वाले नए पासपोर्ट या पासपोर्ट को फिर से जारी करने के लिए अब 2 हजार पांच सौ रुपये शुल्क देना होगा। विदेश मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार पासपोर्ट संशोधन नियम 2026 एक जुलाई से प्रभावी होंगे। नई शुल्क संरचना के अंतर्गत तत्काल श्रेणी में 36 पृष्ठों वाले नए पासपोर्ट या पासपोर्ट को फिर से जारी करने की लागत 5 हजार रुपये होगी। 60 पृष्ठों वाले साधारण पासपोर्ट या पासपोर्ट को फिर से जारी करने की लागत 3 हजार पांच सौ रुपये होगी, और तत्काल श्रेणा के पासपोर्ट के लिए यह लागत 6 हजार रुपये होगी। वर्तमान में 36 पृष्ठों वाले पासपोर्ट की लागत एक हजार पांच सौ रुपये और 60 पृष्ठों वाले पासपोर्ट की लागत 2 हजार रुपये है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

चंबा जिला में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 250 से अधिक आबादी वाले सड़क सुविधा से वंचित गांवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण–4 के अंतर्गत शामिल किया जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के तहत जिला चम्बा के लिए लगभग 551 करोड़ रूपए की धनराशि स्वीकृत की गई है जिससे सड़क निर्माण के कार्य संपन्न होंगे। इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के आदेश दिए हैं ताकि इन गांवों को सड़क संपर्क सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।

अधिक ब्यौरा हमारे चंबा जिला संवाददता से

जिला चम्बा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण 4 के तहत 551 करोड़ रूपए की राशि वाली स्वीकृत 65 सड़क परियोजनाओं में से 61 का कार्य शुरू करने के लिए लेटर आफ इंटरेस्ट जारी कर दिया गया है। शेष 4 सड़कों के निर्माण कार्यों को जल्द शुरू करने के लिए विभागीय औपचारिकताओं को पूर्ण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने जहाँ लोगों का घर द्वार तक सड़क निर्माण का सपना पूरा किया है वहीं ग्रामीण इलाकों की तस्वीर बदल कर रख दी है।

एलपीजी आपूर्ति

सरकार ने औद्योगिक और वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए गैर–घरेलू पैक्ड एलपीजी की आपूर्ति पर सभी क्षेत्रीय प्रतिबंध हटा दिए हैं। आपूर्ति को पश्चिम एशिया संकट से पहले के स्तर पर बहाल कर दिया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि संकट के दौरान निलंबित थोक एलपीजी की आपूर्ति को पूर्व स्तर से 50 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। इससे वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को महत्वपूर्ण राहत मिली है। यह बहाली एलपीजी आपूर्ति की स्थिति में हाल ही में हुए सुधार के बाद की गई है। इस बीच, सरकार ने पीएनजी कनेक्टिविटी के विस्तार की प्रतिबद्धता दोहराई है।

मुहर्रम

आज मुहर्रम है। यह दिन पैगंबर मुहम्मद के नवासे हज़रत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद दिलाता है, जिन्होंने कर्बला में सत्य और न्याय की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। शहीदों की याद में आज ताजिया निकाले जा रहे हैं।। कर्बला के शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए मजलिसें और धार्मिक सभाएं भी आयोजित की जा रही हैं। इसके मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

मुहर्रम–सिरमौर

इधर, राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अन्य भागों में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा मुहर्रम मनाया जा रहा है। ऐतिहासिक शहर नाहन में मुहर्रम पर दो दिनों तक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शिरकत करते हैं। हमारे सिरमौर जिला संवाददता ने बताया कि देर रात शहर के गुन्नू घाट में मुस्लिम समुदाय के लोग यहां तैयार की गए ताजिए के दर्शन करने पहुंचे जहां मरसिये पढ़कर इमाम हुसैन सहित कर्बला के अन्य शहीदों को याद किया गया।

जागरूकता

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर आज प्रदेश में एंटी चिट्टा डे के रूप में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य नशे विशेषकर चिट्टे के बढ़ते खतरे के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इसी कड़ी में ऊना ज़िले में भी नशे के विरूद्ध विशेष जन–जागरण अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में ज़िला प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी नशे के खिलाफ शपथ लेकर समाज से चिट्टे व अन्य मादक पदार्थों के उन्मूलन का सामूहिक संकल्प लेंगे।

———————————————